# आत्मनिर्भर भारत के संदर्भ में वस्त्र उद्योग एवं कुटीर उद्योग का ग्रामीण स्तर पर विकास: संभावनाएँ, चुनौतियाँ एवं नीतिगत विश्लेषण

**विवेक शर्मा [1], प्रोफेसर रक्षा सिंह [2]**

[1] शोधार्थी , अर्थशास्त्र विभाग ,इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय, अमरकंटक

[2] प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष अर्थशास्त्र विभाग, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय, अमरकंटक

## सारांश

वर्तमान समय में "आत्मनिर्भर भारत" की अवधारणा भारतीय अर्थव्यवस्था के पुनर्निर्माण और मजबूतीकरण का एक प्रमुख आधार बनकर उभरी है। इस दृष्टिकोण में वस्त्र उद्योग, विशेषकर खादी एवं कुटीर उद्योग, ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने के महत्वपूर्ण साधन के रूप में देखे जा रहे हैं। प्रस्तुत शोध पत्र का उद्देश्य यह विश्लेषण करना है कि क्या कुटीर एवं वस्त्र उद्योगों को ग्राम स्तर पर विकसित कर भारत को आत्मनिर्भर बनाया जा सकता है। यह अध्ययन द्वितीयक आंकड़ों पर आधारित है, जिसमें विभिन्न सरकारी शोध पत्रों तथा संबंधित साहित्य का विश्लेषण किया गया है। अध्ययन में यह पाया गया कि कुटीर उद्योग न केवल ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार सृजन का एक प्रभावी माध्यम हैं, बल्कि वे स्थानीय संसाधनों के समुचित उपयोग, महिला सशक्तिकरण तथा समावेशी विकास को भी प्रोत्साहित करते हैं। इसके साथ ही, शोध में यह भी स्पष्ट हुआ कि इन उद्योगों के समक्ष वित्तीय संसाधनों की कमी, तकनीकी पिछड़ापन, विपणन संबंधी समस्याएँ तथा नीतिगत कमियाँ प्रमुख बाधाएँ हैं। यदि इन चुनौतियों का समाधान किया जाए और उचित नीतिगत हस्तक्षेप किए जाएँ, तो कुटीर एवं वस्त्र उद्योग आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। निष्कर्ष यह कहा जा सकता है कि ग्रामीण स्तर पर कुटीर उद्योगों का स्थिर विकास न केवल आर्थिक आत्मनिर्भरता की दिशा में एक सशक्त कदम है, बल्कि यह सामाजिक और क्षेत्रीय संतुलन को भी सुनिश्चित करता है।

**बीज शब्द :** आत्मनिर्भर भारत , कुटीर उद्योग, वस्त्र उद्योग ,रोजगार सृजन

## प्रस्तावना :

भारत की अर्थव्यवस्था का मूल आधार उसके ग्रामीण क्षेत्र हैं, जहाँ देश की एक बड़ी जनसंख्या निवास करती है। हालांकि औद्योगिकीकरण और शहरीकरण के कारण आर्थिक विकास के नए स्तर स्थापित हुए हैं, फिर भी ग्रामीण क्षेत्रों में बेरोजगारी, आय असमानता और संसाधनों के असमान वितरण जैसी समस्याएँ आज भी विद्यमान हैं। इस परिप्रेक्ष्य में कुटीर उद्योग एवं वस्त्र उद्योग, विशेषकर खादी, ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के प्रभावी साधन के रूप में उभरकर सामने आए हैं।

महात्मा गांधी ने खादी और ग्राम उद्योग को आत्मनिर्भरता, स्वावलंबन तथा विकेन्द्रित अर्थव्यवस्था का आधार माना था। उनके अनुसार, प्रत्येक गांव को एक आत्मनिर्भर इकाई के रूप में विकसित किया जाना चाहिए, जहाँ स्थानीय

*Corresponding Author Email: viveksh1998@gmail.com
Published: 05 May 2026
DOI: https://doi.org/10.70558/SPIJSH.2026.v3.i5.45716
Copyright © 2026 The Author(s). This work is licensed under a Creative Commons Attribution 4.0 International License (CC BY 4.0).

संसाधनों का उपयोग कर उत्पादन और रोजगार के अवसर उत्पन्न किए जा सकें। वर्तमान समय में "आत्मनिर्भर भारत" की परिकल्पना भी इसी विचारधारा से प्रेरित प्रतीत होती है, जिसमें स्वदेशी उत्पादन, स्थानीय उद्योगों के विकास तथा रोजगार सृजन पर विशेष बल दिया गया है।

वस्त्र उद्योग भारत के प्रमुख उद्योगों में से एक है, जो न केवल राष्ट्रीय आय में महत्वपूर्ण योगदान देता है, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर रोजगार भी प्रदान करता है। विशेष रूप से खादी एवं कुटीर उद्योग, कम पूंजी निवेश में अधिक श्रम आधारित उत्पादन प्रणाली के कारण, ग्रामीण विकास के लिए अत्यंत उपयुक्त माने जाते हैं।

हालाँकि, इन उद्योगों के विकास के मार्ग में कई चुनौतियाँ भी विद्यमान हैं, जैसे—आधुनिक तकनीक का अभाव, विज्ञापन की समस्याएँ, वित्तीय संसाधनों की कमी तथा वैश्विक प्रतिस्पर्धा इन बाधाओं के बावजूद, यदि उचित नीतिगत समर्थन और संसाधनों का समुचित प्रबंधन किया जाए, तो यह क्षेत्र आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

इसी संदर्भ में प्रस्तुत शोध का उद्देश्य यह विश्लेषण करना है कि क्या वस्त्र उद्योग एवं कुटीर उद्योगों को ग्राम स्तर पर मजबूत कर भारत को आत्मनिर्भर बनाया जा सकता है। यह अध्ययन न केवल इन उद्योगों की वर्तमान स्थिति का मूल्यांकन करेगा, बल्कि उनकी संभावनाओं और चुनौतियों का भी समग्र विश्लेषण प्रस्तुत करेगा।

**शोध समस्या :** भारत एक कृषि-प्रधान देश होने के बावजूद आज भी ग्रामीण क्षेत्रों में बेरोजगारी, अल्परोज़गार, और आय असमानता जैसी समस्याएँ विद्यमान हैं। बड़े उद्योगों का विकास मुख्यतः शहरी क्षेत्रों तक सीमित है, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था अपेक्षाकृत कमजोर बनी हुई है।

वर्तमान में "आत्मनिर्भर भारत" की परिकल्पना के अंतर्गत स्थानीय उत्पादन, स्वदेशी उद्योगों तथा विकेन्द्रित विकास को प्रोत्साहन दिया जा रहा है। इसके बावजूद यह प्रश्न अभी भी अनुत्तरित है कि क्या वस्त्र उद्योग (विशेषकर खादी) और कुटीर उद्योगों को ग्राम स्तर पर विकसित करके वास्तव में व्यापक आर्थिक आत्मनिर्भरता प्राप्त की जा सकती है।

- क्या कुटीर एवं वस्त्र उद्योग ग्रामीण स्तर पर पर्याप्त रोजगार सृजित कर सकते हैं?
- क्या ये उद्योग ग्रामीण अर्थव्यवस्था को आत्मनिर्भर बनाने में सक्षम हैं?
- और किन बाधाओं के कारण इनका पूर्ण विकास नहीं हो पा रहा है?

**परिकल्पनाएँ**

| **$H_0$ (शून्य परिकल्पना)** | **$H_1$ (वैकल्पिक परिकल्पना)** |
|---|---|
| 1. कुटीर एवं वस्त्र उद्योग का ग्रामीण आत्मनिर्भरता पर कोई महत्वपूर्ण प्रभाव नहीं है। | 1. कुटीर एवं वस्त्र उद्योग का ग्रामीण आत्मनिर्भरता पर सकारात्मक और महत्वपूर्ण प्रभाव है। |
| 2. खादी एवं ग्रामोद्योग ग्रामीण रोजगार सृजन में महत्वपूर्ण भूमिका नहीं निभाते। | **2.** खादी एवं ग्रामोद्योग ग्रामीण रोजगार सृजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। |

**शोध के उद्देश्य**

1. ग्रामीण क्षेत्रों में वस्त्र उद्योग एवं कुटीर उद्योग की वर्तमान स्थिति का विश्लेषण करना।

2. खादी एवं ग्रामोद्योग के माध्यम से रोजगार सृजन की संभावनाओं का मूल्यांकन करना।
3. आत्मनिर्भर भारत के संदर्भ में इन उद्योगों की भूमिका का अध्ययन करना।
4. ग्रामीण स्तर पर इन उद्योगों के विकास में आने वाली प्रमुख समस्याओं की पहचान करना।
5. इन उद्योगों के सुदृढ़ीकरण हेतु नीतिगत सुझाव प्रस्तुत करना।

**साहित्य समीक्षा**

ग्रामीण उद्योगों, खादी तथा कुटीर उद्योग के विकास पर विभिन्न विद्वानों ने समय-समय पर गहन अध्ययन प्रस्तुत किए हैं। इन अध्ययनों को क्रमबद्ध रूप से देखने पर यह स्पष्ट होता है कि प्रारम्भिक विचारधारा से लेकर आधुनिक संदर्भ तक, खादी एवं ग्रामोद्योग को आत्मनिर्भरता के एक सशक्त माध्यम के रूप में देखा गया है।

सबसे पहले वी. धेबर द्वारा प्रस्तुत "खादी और ग्रामोद्योग कार्यक्रम का परिदृश्य" में यह स्पष्ट किया गया कि खादी केवल एक वस्त्र नहीं, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था की आत्मा है। इस अध्ययन में यह दर्शाया गया कि यदि ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार सृजन करना है, तो खादी और कुटीर उद्योगों को प्रोत्साहित करना अनिवार्य है। यह विचार आगे आने वाले सभी अध्ययनों के लिए आधारशिला का कार्य करता है।(*2015.203614.Khadi-Gramodyog_text*, n.d.)

इसके पश्चात सरदार पटेल के आर्थिक विचारों पर आधारित अध्ययन में यह दर्शाया गया कि उन्होंने एक संतुलित और विकेन्द्रित औद्योगिक विकास का समर्थन किया। इस अध्ययन में यह निष्कर्ष निकाला गया कि बड़े उद्योगों के साथ-साथ छोटे एवं कुटीर उद्योगों का विकास आवश्यक है, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत हो सके (upadhyay, 2017)

इसी क्रम में जौनपुर जिले में ग्रामीण औद्योगिक विकास मॉडल पर किए गए अध्ययन में व्यावहारिक दृष्टिकोण अपनाया गया। इसमें यह बताया गया कि स्थानीय संसाधनों और कौशल का उपयोग कर किस प्रकार एकीकृत ग्रामीण विकास संभव है। यह अध्ययन सैद्धांतिक विचारों को व्यवहारिक रूप देने का प्रयास करता है। (Singh & Devi, 2021)

इसके बाद महात्मा गांधी के ग्रामीण एवं आर्थिक विकास संबंधी विचारों का विश्लेषण किया गया। इस अध्ययन में यह स्पष्ट किया गया कि गांधीजी ने खादी को आत्मनिर्भरता, स्वावलंबन और सामाजिक समानता का माध्यम माना। उनके अनुसार, यदि प्रत्येक गांव अपने उत्पादन में आत्मनिर्भर बन जाए, तो राष्ट्रीय स्तर पर आर्थिक स्थिरता स्वतः स्थापित हो सकती है।(Kumar, 2015)

इसी विचारधारा को आगे बढ़ाते हुए नारी स्वरोजगार के संदर्भ में खादी ग्रामोद्योग पर अध्ययन किया गया, जिसमें यह बताया गया कि खादी उद्योग ने ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक स्वतंत्रता प्रदान की है। यह अध्ययन सामाजिक सशक्तिकरण और आर्थिक विकास के बीच संबंध स्थापित करता है।(Khan, 2014)

इसके पश्चात महेश्वरी साड़ियों के नवजीवन पर आधारित अध्ययन में पारंपरिक वस्त्र उद्योग के आधुनिक योगदान को दर्शाया गया। इसमें यह निष्कर्ष निकाला गया कि यदि पारंपरिक उद्योगों को आधुनिक तकनीक और बाजार से जोड़ा जाए, तो वे न केवल जीवित रह सकते हैं, बल्कि समुदाय के कल्याण में भी योगदान दे सकते हैं।(Gokhale, 2024)

इसी क्रम में महिला सशक्तिकरण पर गांधीवादी दृष्टिकोण का अध्ययन किया गया, जिसमें यह पाया गया कि ग्रामीण महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए कुटीर उद्योग एक प्रभावी माध्यम है। यह अध्ययन सामाजिक न्याय और आर्थिक विकास के बीच गहरा संबंध स्थापित करता है।(Santra, 2023)

इसके बाद खादी विकास और ग्रामीण पंचायतों पर किए गए अध्ययन में स्थानीय प्रशासन की भूमिका को रेखांकित किया गया। इसमें यह स्पष्ट किया गया कि यदि पंचायत स्तर पर योजनाओं का सही क्रियान्वयन हो, तो खादी उद्योग का विकास तेजी से संभव है।(Kulkarni, 2024)

इसी विचारधारा को आगे बढ़ाते हुए गांधीजी के खादी एवं ग्रामीण विकास संबंधी सिद्धांतों का पुनः विश्लेषण किया गया, जिसमें यह बताया गया कि उनका मॉडल आज भी प्रासंगिक है, विशेषकर तब जब आत्मनिर्भरता की आवश्यकता बढ़ रही है।(Subbarao & Sekhar, 2015)

इसके पश्चात समावेशी विकास एवं सामाजिक उत्तरदायित्व में खादी उद्योग की भूमिका पर अध्ययन किया गया। इसमें यह निष्कर्ष निकाला गया कि खादी उद्योग न केवल आर्थिक विकास को बढ़ावा देता है, बल्कि सामाजिक समावेशन और समानता को भी सुनिश्चित करता है। (Dixit & Lal, 2016)

अंत में, श्री अरविन्द के समग्र विचारों के अध्ययन से यह स्पष्ट होता है कि आध्यात्मिक और नैतिक मूल्यों के साथ आर्थिक विकास को जोड़ना आवश्यक है। उनका दृष्टिकोण समग्र विकास की ओर संकेत करता है, जिसमें व्यक्ति, समाज और अर्थव्यवस्था का संतुलित विकास हो।(aurobindo, 1911)

**शोध अंतराल**

उपलब्ध साहित्य के विस्तृत अध्ययन से यह स्पष्ट होता है कि खादी एवं कुटीर उद्योग, ग्रामीण विकास, महिला सशक्तिकरण तथा रोजगार सृजन के संदर्भ में अनेक महत्वपूर्ण अध्ययन किए गए हैं। विभिन्न विद्वानों ने इन उद्योगों के सामाजिक एवं आर्थिक महत्व को रेखांकित किया है तथा महात्मा गांधी के विचारों के आधार पर ग्रामीण आत्मनिर्भरता की अवधारणा को भी स्थापित किया है।

अधिकांश उपलब्ध अध्ययन सैद्धांतिक एवं वैचारिक स्तर तक सीमित रहे हैं, जिनमें खादी और कुटीर उद्योगों के महत्व को रेखांकित तो किया गया है, परंतु “आत्मनिर्भर भारत” जैसे समकालीन नीतिगत परिप्रेक्ष्य में उनकी व्यवहारिक उपयोगिता का समग्र विश्लेषण अपेक्षाकृत कम देखने को मिलता है। साथ ही, ग्रामीण स्तर पर वस्त्र उद्योग और कुटीर उद्योगों के एकीकृत विकास के प्रभाव का व्यापक अध्ययन भी अभावग्रस्त है, क्योंकि अधिकांश शोध इन दोनों क्षेत्रों को पृथक दृष्टिकोण से विश्लेषित करते हैं, जबकि वास्तविकता में इनका संतुलित विकास अधिक प्रभावकारी हो सकता है। हालांकि कई अध्ययनों में रोजगार सृजन तथा महिला सशक्तिकरण पर विशेष बल दिया गया है, किन्तु यह स्पष्ट रूप से उजागर नहीं होता कि ये उद्योग दीर्घकालीन आर्थिक आत्मनिर्भरता सुनिश्चित करने में किस सीमा तक सक्षम हैं। इसके अतिरिक्त, पारंपरिक उद्योगों के नवजीवन पर शोध उपलब्ध होने के बावजूद, आधुनिक तकनीक, डिजिटल विज्ञापन तथा वैश्विक प्रतिस्पर्धा के संदर्भ में इनकी अनुकूलन क्षमता पर सीमित ध्यान दिया गया है। इसी प्रकार, स्थानीय प्रशासन विशेषकर पंचायत स्तर पर नीतियों के क्रियान्वयन एवं उनके वास्तविक प्रभाव का गहन विश्लेषण भी अधिकांश अध्ययनों में अनुपस्थित है। जिससे नीति निर्माताओ के लिए सही जानकारी का आभाव बना रहता है।

**समेकित शोध अंतराल**

उपरोक्त तथ्यों के आधार पर यह कहा जा सकता है कि वर्तमान साहित्य में खादी एवं कुटीर उद्योगों के सामाजिक

एवं आर्थिक महत्व को तो व्यापक रूप से स्वीकार किया गया है, किन्तु "आत्मनिर्भर भारत" के संदर्भ में इनके ग्रामीण स्तर पर एकीकृत विकास, व्यवहारिक प्रभाव, तथा दीर्घकालीन आर्थिक आत्मनिर्भरता में योगदान का समग्र एवं विश्लेषणात्मक अध्ययन अभी भी अपेक्षित है।

इसी शोध अंतराल को ध्यान में रखते हुए प्रस्तुत अध्ययन यह प्रयास करेगा कि वस्त्र उद्योग एवं कुटीर उद्योगों के संयुक्त विकास के माध्यम से ग्रामीण आत्मनिर्भरता की संभावनाओं, चुनौतियों तथा नीतिगत आवश्यकताओं का समग्र विश्लेषण किया जा सके।

## शोध पद्धति

प्रस्तुत अध्ययन में द्वितीयक आंकड़ों एवं उपलब्ध साहित्य के आधार पर वस्त्र उद्योग एवं कुटीर उद्योग के ग्रामीण विकास में योगदान का विश्लेषण किया गया है। यह विश्लेषण विभिन्न आयामों के आधार पर प्रस्तुत किया गया है।

## विश्लेषण एवं विवेचना

### ग्रामीण क्षेत्रों में कुटीर एवं वस्त्र उद्योग की वर्तमान स्थिति

भारत में कुटीर उद्योग, विशेषकर खादी एवं हस्तकरघा उद्योग, ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ माने जाते हैं। ये उद्योग कम पूंजी निवेश में अधिक श्रम आधारित उत्पादन प्रणाली पर आधारित होते हैं, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर रोजगार उपलब्ध होता है।

हाल के वर्षों में सरकारी योजनाओं एवं "आत्मनिर्भर भारत" अभियान के अंतर्गत इन उद्योगों को पुनर्जीवित करने का प्रयास किया गया है। इसके बावजूद, इनकी उत्पादन क्षमता एवं प्रतिस्पर्धात्मकता अभी भी सीमित बनी हुई है।

### रोजगार सृजन में भूमिका

कुटीर एवं वस्त्र उद्योग ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार सृजन का एक महत्वपूर्ण स्रोत हैं। ये उद्योग विशेष रूप से अल्पकुशल एवं अर्धकुशल श्रमिकों के लिए रोजगार के अवसर प्रदान करते हैं।

- कृषि के अतिरिक्त आय के स्रोत के रूप में कार्य करते हैं
- मौसमी बेरोजगारी को कम करते हैं
- प्रवासन को नियंत्रित करने में सहायक होते हैं

ये उद्योग ग्रामीण जीवन स्तर को सुधारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

### महिला सशक्तिकरण में योगदान

खादी एवं कुटीर उद्योगों ने ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक गतिविधियों में भागीदारी का अवसर प्रदान किया है।

- घरेलू स्तर पर कार्य की सुविधा
- आत्मनिर्भरता एवं आत्मविश्वास में वृद्धि
- पारिवारिक आय में योगदान

ये उद्योग सामाजिक परिवर्तन के एक महत्वपूर्ण साधन के रूप में उभरते हैं।

**आर्थिक आत्मनिर्भरता में योगदान**

"आत्मनिर्भर भारत" के संदर्भ में कुटीर उद्योगों का विशेष महत्व है क्योंकि:

- ये स्थानीय संसाधनों पर आधारित होते हैं।
- आय का विकेन्द्रीकरण करते हैं।
- स्थानीय बाजारों को सशक्त बनाते हैं।

इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था में आत्मनिर्भरता की भावना विकसित होती है।

**प्रमुख चुनौतियाँ**

1. वित्तीय संसाधनों की कमी
2. आधुनिक तकनीक का अभाव
3. विज्ञापन एवं ब्रांडिंग की समस्याएँ
4. वैश्विक प्रतिस्पर्धा का दबाव
5. नीतियों के क्रियान्वयन में कमी

आत्मनिर्भर भारत के संदर्भ में समग्र विश्लेषण -

उपरोक्त विश्लेषण से यह स्पष्ट होता है कि यदि कुटीर एवं वस्त्र उद्योगों को समुचित नीति समर्थन, तकनीकी उन्नयन तथा बाजार उपलब्ध कराया जाए, तो ये "आत्मनिर्भर भारत" के लक्ष्य को प्राप्त करने में अत्यंत प्रभावी सिद्ध हो सकते हैं।

**निष्कर्ष**

प्रस्तुत अध्ययन के आधार पर यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि वस्त्र उद्योग एवं कुटीर उद्योग ग्रामीण अर्थव्यवस्था के सुदृढ़ीकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ये उद्योग न केवल रोजगार सृजन के माध्यम से आर्थिक विकास को गति प्रदान करते हैं, बल्कि सामाजिक समावेशन, महिला सशक्तिकरण तथा क्षेत्रीय संतुलन को भी सुनिश्चित करते हैं। अध्ययन से यह भी स्पष्ट होता है कि "आत्मनिर्भर भारत" की अवधारणा को सफल बनाने में इन उद्योगों का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण हो सकता है, लेकिन इनके विकास में विद्यमान बाधाओं को दूर किया जाए। हालाँकि वर्तमान में इन उद्योगों की क्षमता का पूर्ण उपयोग नहीं हो पा रहा है, फिर भी उचित नीतिगत हस्तक्षेप एवं संसाधनों के प्रभावी उपयोग से इन्हें आत्मनिर्भरता के एक सशक्त माध्यम के रूप में विकसित किया जा सकता है।

**नीतिगत सुझाव** -

1. कुटीर उद्योगों को सस्ती दर पर ऋण एवं अनुदान उपलब्ध कराया जाना चाहिए, ताकि वे अपनी उत्पादन क्षमता बढ़ा सकें।
2. आधुनिक मशीनरी एवं तकनीक को अपनाने के लिए प्रशिक्षण एवं संसाधन उपलब्ध कराए जाने चाहिए।

3. डिजिटल प्लेटफॉर्म का उपयोग बढ़ाया जाए
4. खादी उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय बाजार तक पहुँचाया जाए
5. ग्रामीण युवाओं एवं महिलाओं के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किए जाएँ।
6. पंचायत स्तर पर योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए।
7. पारंपरिक कारीगरों को प्रोत्साहन दिया जाए तथा उनके उत्पादों में नवाचार लाया जाए
8. निजी क्षेत्र की भागीदारी से इन उद्योगों को बाजार, तकनीक एवं निवेश उपलब्ध कराया जा सकता है।

अंततः यह कहा जा सकता है कि यदि कुटीर एवं वस्त्र उद्योगों को ग्रामीण स्तर पर योजनाबद्ध एवं संबंधित रूप से विकसित किया जाए, तो वे न केवल “आत्मनिर्भर भारत” के लक्ष्य को साकार कर सकते हैं, बल्कि एक संतुलित, समावेशी और सतत आर्थिक विकास की दिशा में भी महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं।

**सदर्भ :**

1. नीति आयोग. (2020). न्यू इंडिया @75: रणनीति दस्तावेज़. नई दिल्ली: भारत सरकार।
2. सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय. (2023). वार्षिक प्रतिवेदन 2022–23. नई दिल्ली: भारत सरकार।
3. वस्त्र मंत्रालय. (2022). भारतीय वस्त्र उद्योग: वार्षिक रिपोर्ट. नई दिल्ली: भारत सरकार।
4. शर्मा, आर. (2019). ग्रामीण विकास में कुटीर उद्योगों की भूमिका. वाराणसी: विश्वविद्यालय प्रकाशन।
5. सिंह, वी., एवं यादव, एस. (2021). आत्मनिर्भर भारत अभियान और ग्रामीण औद्योगिक विकास. भारतीय आर्थिक पत्रिका, 12(2), 45–52।
6. *2015.203614.Khadi-Gramodyog_text*. (n.d.).
7. Aurobindo, Sri. (1911). Autobiographical Notes and Other Writings of Historical Interest. *THE COMPLETE WORKS OF SRI AUROBINDO ©SriAurobindoAshramTrust2006*.
8. Dixit, P., & Lal, R. C. (2016, May 28). *Role of Gandhi's Khadi Textile Industry Towards Inclusive Growth and Corporate Social Responsibility*. International Journal of Trade and Commerce-IIARTC January-June 2016, Volume 5, No. 1 pp. 115-120 ISSN-2277-5811 (Print), 2278-9065 (Online) © SGSR. (www.sgsrjournals.com) All rights reserved.
9. Gokhale, M. A. S. (2024). *THE REVIVAL OF MAHESHWARI SARIS AND THEIR CONTEMPORARY CONTRIBUTION TOWARDS COMMUNITY WELFARE*. *9*(12).
10. Khan, D. S. (2014). *Khadi Village Industries as a Tantamount of Women Entrepreneurism*.
11. Kulkarni, D. K. H. (2024). *Khadi Development and Rural Panchayat*. *12*(1).
12. Kumar, J. (2015, August). International Journal of Creative Research Thoughts (IJCRT) www.ijcrt.org.

13. Santra, S. (2023). *Philosophy of Mahatma Gandhi on the Empowerment of Women – A Study of Rural Women*.

14. Singh, A., & Devi, S. (2021). RURAL MODEL OF INDUSTRIAL DEVELOPMENT IN JAUNPUR DISTRICT AND PLANNING FOR INTEGRATED RURAL DEVELOPMENT: *International Journal of Research -GRANTHAALAYAH*, *8*(12), 195–200. https://doi.org/10.29121/granthaalayah.v8.i12.2020.2705

15. Subbarao, Rv., & Sekhar, S. S. (2015). *Gandhiji's Concepts On Khadi And Rural Development*.

16. Upadhyay, Manjula. (2017). *International Journal of Innovative Social Science & Humanities Research*.